दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732



वर्ष: 01 | अंक: 124 | जयपुर | 13 दिसंबर 2022 | मंगलवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

## गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और 16 मंत्रियों ने शपथ ली

### शपथ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर झुककर लोगों को प्रणाम किया



गांधीनगर. भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री की शपथ ली। गांधीनगर सचिवालय के हेलीपैड ग्राउंड में राज्यपाल ने दोपहर 2 बजे उन्हें पद की शपथ दिलाई। भूपेंद्र पटेल के बाद 16 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें आठ कैबिनेट, दो स्वतंत्र प्रभार और छह राज्यमंत्री हैं। शपथ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर झुककर लोगों को प्रणाम किया। इसके बाद भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल से मुलाकात कर उनके साथ फोटो खिंचाया। चलते समय उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी से बात की। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। 200 संत भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हिस्सा बने। गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री बनने वाले पटेल पाटीदार समुदाय से इकलौते नेता हैं, जो लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बन रहे हैं। उन्हें 15 महीने पहले विजय रुपाणी की जगह गुजरात की जिम्मेदारी दी गई थी। भूपेंद्र पटेल की कैबिनेट में हार्दिक पटेल को जगह नहीं मिली। हालांकि पटेल ने सुबह कहा था कि पार्टी डिसाइड करेगी कि वे कैबिनेट में रहूंगा या नहीं। जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, वे उसका निर्वहन करेंगे। चुनाव से पहले गुजरात में लगातार सभाएं करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटेल की शपथ से एक दिन पहले अहमदाबाद पहुंचे। वहां उन्होंने रोड शो किया। देर रात होने के बावजूद लोग मोदी के स्वागत में खड़े नजर आए। मोदी ने भी अपनी कार की रफ्तार धीमी करके लोगों का अभिवादन किया।

## वसुन्धरा राजे ने गुजरात के सीएम पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया

### मोदी,शाह और राजनाथ सिंह से की मुलाकात



अहमदाबाद/जयपुर ।पूर्व सीएम व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे सोमवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई। वहाँ उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह से भी मुलाकात हुई। वे मंच पर भाजपा व एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठी ।उन्होंने गुजरात के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री पटेल को बधाई दी। इससे पूर्व अहमदाबाद एयरपोर्ट पर प्रवासी राजस्थानियों ने राजे का स्वागत किया ।इसके बाद वे अहमदाबाद से दिल्ली आ गई। उन्होंने अहमदाबाद में मीडिया से बात चीत में कहा कि आने वाले सभी राज्यों के विधान सभा चुनाव में भाजपा अपार जन समर्थन से जीतेंगी और 2024 के लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक बहुमत से मोदी जी फिर सरकार बनाएँगे।

# भाजपा ने करोड़ों युवाओं के सपने तोड़े :राहुल गांधी

### भारत जोड़ो यात्रा के आठवें दिन राहुल गांधी ने केंद्र की अग्निवीर योजना पर हमला बोला



बूंदी. राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के आठवें दिन राहुल गांधी ने केंद्र की अग्निवीर योजना पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को सेना से चार साल बाद जूता मारकर निकाल देंगे। सवाई माधोपुर के कुस्तला में आयोजित नुक्कड़ सभा में राहुल ने कहा कि भाजपा पूछती है कि भारत जोड़ने निकले हैं, टूटा क्या है, करोड़ों युवाओं के सपने टूटे हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिए मर मिटने वाले जवान को चार साल सेना में रखेंगे, काम कराएंगे और फिर निकाल देंगे। चार साल बाद फौज से निकाले युवा को कैसे रोजगार मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यह किया वह किया यह बातें सब ठीक हैं। जो किया है वह इतना जरूरी नहीं है जो करने जा रहे हो वह और भी ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैने गहलोतजी से दो तीन चीजें करने को कह दी हैं, बताऊंगा नहीं। मेरे साथ कांग्रेस के सीनियर नेता चल रहे हैं। जनता जो इनसे कह रही है उसे भी सुन रहे हैं। मुझे भरोसा है कि सरकार आने वाले समय में उन बातों पर एक्शन लेगी। आज की यात्रा भी कुस्तला में ही खत्म हुई। आज के दिन यात्रा ने करीब 23 किलोमीटर का सफर किया। राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के बीच कांग्रेस ने स्वीकारा है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच मतभेद हैं। हालांकि, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दोनों में कोई लड़ाई नहीं है। सवाई माधोपुर में रमेश ने कहा कि दोनों के बीच सुलह साल 2023 के चुनावों तक जारी रहेगी। वहीं, राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा में आज महिलाओं का दिन था। आज यात्रा में राहुल के साथ प्रियंका गांधी की फैमिली के साथ चलीं। प्रियंका ने कालबेलिया डांस भी किया। यात्रा में राहुल युवाओं के साथ फुटबॉल भी खेलते दिखे।


# जज एस छालाना और उनके परिवार पर हत्या का मामला दर्ज

### न्यायिक कर्मचारी की बहन की शिकायत पर भांकरोटा थाने में मामला दर्ज



जयपुर. एनडीपीएस कोर्ट के जज एस छालाना और उनके परिवार पर हत्या का मामला दर्ज हुआ है। 10 नवंबर को जज के घर की छत पर न्यायिक कर्मचारी की जली हुई लाश मिली थी। न्यायिक कर्मचारी की बहन की शिकायत पर रविवार रात भांकरोटा थाने में मामला दर्ज किया गया। मृतक सुभाष मेहरा की बहन मुन्नी देवी ने रिपोर्ट में बताया भाई छह महीने से एनडीपीएस कोर्ट के जज के घर पर रह रहा था। जज और उनकी पत्नी सुभाष से नौकर की तरह काम करवाते थे। उसे इस काम के लिए डराया और धमकाया जाता था। मृतक सुभाष और उनकी पत्नी से काफी परेशान था। जज और उनकी पत्नी न तो घर जाने देते थे, न ही परिवार से संपर्क करने देते थे। घटना से 6-7 दिन पहले सुभाष परेशान होकर घर लालवास जयसिंहपुरा खोर लौट आया था। दो-तीन दिन बाद ही सुभाष चौक थाने से पुलिसकर्मी घर आए। जबरन उसे जज के घर ले जाने लगे। परिवार वालों ने कहा वह बीमार है। उसके बाद भी पुलिसकर्मी जबरन लेकर गए। कुछ ही देर बाद एक पुलिसकर्मी उनके घर दोबारा आया। सुभाष के कपड़े लेकर गया। मुन्नी देवी ने आरोप लगाया कि 10 नवंबर की सुबह 10 बजे एक पुलिस वाला मेरी बहन संगीता के घर मेहरों के बाग में पहुंचा। उससे कहा सुभाष मेहरा की तबीयत ज्यादा खराब है। हमारे साथ चलो। जिस पर जीजा अनिल, बहन और बड़ा भाई सुनील पुलिस वालों के साथ जज के घर गए। जज के घर जीजाजी और घरवालों से पूछताछ की। फिर परिवार को घर की छत पर लेकर गए। खिड़की से छत पर दिखाया। सुभाष जला हुआ छत पर पड़ा था। उसके पेट की आंत बाहर निकली हुई मिली। मेरे भाई सुभाष मेहरा की जज और उनके घरवालों ने मिलकर हत्या कर दी। सुभाष मेहरा का शव मिलने के बाद से प्रदेश भर के न्यायिक कर्मचारी सड़कों पर उतरे हुए थे। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि सीबीआई से जांच करवाई जाए। परिवार को सहायता दी जाए। मामले में सोमवार को भी कोटा में न्यायिक कर्मचारियों ने अदालत चौराहे से भीतरिया कुंड तक करीब 10 किमी तक वाहन रैली निकाली। इस दौरान नारेबाजी की। कोटा में 30 नवंबर से कर्मचारियों ने काम बंद कर रखा है।

## 5 जिलों में पाइपलाइन से मिलेगी गैस



जयपुर. पहली बार जयपुर में अब हाईटेक तरीके से घरेलू गैस पाइपलाइन लोगों के घरों तक पहुंचेगी। बिजली-पानी की तरह गैस का कनेक्शन मिलेगा। उसमें मीटर लगेंगे, जो यह बताएंगे कि आपने कितनी गैस खर्च कर दी है। जितनी रीडिंग उतना बिल बनेगा। मुंबई, पुणे, दिल्ली की तर्ज पर अब जयपुर में भी पाइप लाइन के जरिए गैस सप्लाई होने वाली है। जयपुर सहित राजस्थान के कई शहरों में पाइप लाइन बिछाने का काम जारी है। जयपुर में टोरेंट ग्रुप ने अजमेर रोड और कालवाड़ रोड पर गैस की पाइप लाइन बिछानी शुरू कर दी है। यह काम पूरा हो जाएगा, उसके बाद कनेक्शन दिए जाएंगे। इस सुविधा के शुरू होने से इन एरिया में रसोई गैस की सप्लाई यूजर की इच्छा के अनुसार की जाएगी। हालांकि ये सुविधा अभी जयपुर के नगर निगम एरिया से बाहर ही शुरू होगी। अजमेर और जोबनेर रोड से इसकी शुरूआत चुनिंदा एरिया से होगी। धीरे-धीरे लाइन बिछाकर इसे जयपुर के नगर निगम एरिया में बसी कॉलोनियों तक कवर किया जाएगा। साल 2023 में 10 हजार से ज्यादा घरों में कनेक्शन देने का टारगेट केंद्र सरकार ने एजेंसियों को दिया है। जयपुर में अजमेर रोड पर महिंद्रा सेज में सबसे पहले प्रोजेक्ट का काम पूरा करवाया जाएगा। इसके बाद महापुरा रोड पर बसी टाउनशिप के लिए लाइन बिछाई जाएगी।

## दो स्टूडेंट्स ने एक साथ किया सुसाइड

कोटा. तलवंडी में राधा कृष्ण मंदिर के पास एक होस्टल के दो कोचिंग छात्र अपने-अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटके मिले। दोनों छात्रों के सुसाइड की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची दोनों छात्रों के शव फंदे से नीचे उतारे। पुलिस ने हॉस्टल में रहने वाले कोचिंग छात्रों से जानकारी ली। शहर एसपी केसर सिंह शेखावत, डीएसपी अमर सिंह सहित पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमबीएस की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया है। जानकारी के अनुसार दोनों छात्र बिहार के रहने वाले थे। कोटा में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रहे थे। अंकुश यादव बिहार के सुपौल का रहने वाला था। जो मेडिकल की तैयारी कर रहा था। जबकि उज्जवल बिहार के गया का निवासी था। जो आईआईटी की तैयारी कर रहा था। दोनों 7 महीने से एक ही हॉस्टल में रह रहे थे। अंकुश ने कमरा अंदर से बंद कर रखा था। 12 बजे तक कमरे से बाहर नहीं आया तो पास के रूम में रहने वाले स्टूडेंट ने हॉस्टल संचालक को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लॉक तोड़कर शव को पंखे से नीचे उतारा। शव ले जाते समय उज्ज्वल की बहन भी हॉस्टल आई। उसने भाई के रूम को नॉक किया। उज्ज्वल ने गेट नहीं खोला। पुलिस ने उज्ज्वल के रूम का लॉक तोड़ा। अंदर देखा तो उज्ज्वल भी फंदे से लटका था। एसपी सिटी केसर सिंह शेखावत ने बताया दोपहर 12 बजे पुलिस को सूचना मिली थी। तलवंडी इलाके में कृष्ण कुंज पीजी हॉस्टल में एक बच्चे ने सुसाइड कर लिया। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौका देखा तो दो स्टूडेंट के द्वारा सुसाइड करने की घटना सामने आई। गंभीर घटना थी। मौके पर आकर जानकारी ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही कारण सामने आएंगे। आखिर क्या परिस्थियां रही कि छात्रों ने सुसाइड किया। कोटा शहर में इस तरीके की घटनाएं होना बहुत ही दुखद है। दोनों ने सुसाइड कैसे किया? यह जांच का विषय है ।गहनता से जांच के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।



उज्जवल अंकुश यादव

## पुष्पा के प्रोड्यूसर्स के घर आईटी की रेड

मुंबई. इनकम टैक्स विभाग ने सोमवार को ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा फिल्म बनाने वाली तेलुगु प्रोडक्शन कंपनी मैथ्री के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। इनकम टैक्स विभाग अधिकारियों को शक है कि इस प्रोडक्शन कंपनी में कुछ ठफ्क्रलोगों ने भी निवेश किया है। इसी शक के आधार पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कंपनी के तीन मालिकों यलमंचिली रविशंकर, नवीन अनेर्नी और चेरुकुरी मोहन के आवास सहित 15 ठिकानों पर रेड डाली है जो शाम तक जारी है। मैथ्री फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले पुष्पा समेत रंगस्थलम और श्रीमंथुडु जैसी साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्में बन चुकी हैं। टीम के अधिकारी अलग-अलग राज्यों से हैदराबाद पहुंचे थे। अधिकारी सोमवार सुबह मैथ्री फिल्म्स के ऑफिस पहुंच गए और छापेमारी शुरू कर दी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से इस रेड को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है, लेकिन सूत्रों की मानें तो अफसरों को शक है कि मैथ्री फिल्म प्रोडक्शन में फॉरेन फंडिंग हुई है। मैथ्री प्रोडक्शन के बैनर तले कई बड़ी फिल्मों का प्रोडक्शन हो चुका है। मैथ्री प्रोडक्शन ने हाल ही में चिरंजीवी, बालकृष्ण, पवन कल्याण जैसे कई एक्टर्स को भारी फीस देकर बड़े प्रोजेक्ट्स साइन कराए हैं। साउथ के सुपर स्टार पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भी इसी बैनर के तले 2023 में रिलीज होने वाली है।

### महापौर सौम्या गुर्जर और निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी को इस राशि का चैक प्रदान किया

# आवासन आयुक्त ने विकास कार्यों के लिये ग्रेटर महापौर को दिया 23 करोड का चैक



जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल ने विकास कार्यों के लिये नगर निगम ग्रेटर को एक साथ 23 करोड 23 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई है। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने सोमवार को यहाँ मण्डल मुख्यालय पर नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर और निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी को इस राशि का चैक प्रदान किया। आवासन आयुक्त ने बताया कि नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल की पहल पर आवासन मण्डल द्वारा नगर निगम को इतनी बडी राशि का भुगतान विगत 15 वर्षों में पहली बार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आवासन मण्डल द्वारा विक्रय की गई सम्पत्तियों से प्राप्त होने वाली राशि का 15 प्रतिशत हिस्सा नगर निगम को दिये जाने का प्रावधान है। वहीं आवासन मण्डल नगर निगम क्षेत्र में नियमित रूप से विकास कार्य करवाता है। गत वर्ष नगर निगम के साथ हुई संयुक्त बैठक में वर्ष 2010-11 से 2019-20 के दौरान विक्रय की गई सम्पत्तियों के एवज में निगम को देय हिस्सा राशि एवं नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों पर मण्डल द्वारा व्यय की गई राशि का समायोजन किया गया था। समायोजन के बाद मण्डल की निगम पर 55.58 करोड रुपये की राशि बकाया है। अरोड़ा ने बताया कि निगम पर बकाया के बावजूद मण्डल ने उदारता के साथ निगम को 11.11 करोड रुपये प्रतिवर्ष के हिसाब से 2020-21 एवं 2021-22 की 15 प्रतिशत हिस्सा राशि का समायोजन करने के बाद उसके क्षेत्र में विकास कार्यों के लिये 23 करोड 23 लाख 12 हजार रुपये उपलब्ध कराए हैं ।उधर, निगम ग्रेटर (जयपुर) पर राजस्थान आवासन मण्डल के राशि रुपए 55 करोड 58 लाख बकाया होने के बावजूद मण्डल प्रशासन द्वारा उदारता दिखाते हुये नगर निगम ग्रेटर की महापौर को 23 करोड 23 लाख को राशि का चैक प्रदान का राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ पूरजोर शब्दो में विरोध प्रकट करते हुये आवासन आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष दशरथ कुमार द्वारा बताया गया कि नगर निगम ग्रेटर (जयपुर) पर बकाया राशि होने के बावजूद मण्डल प्रशासन द्वारा उदारता दिखाते हुये राज्य सरकार के निर्देश पर निगम को 23.23 करोड की राशि का नियम विरूद्ध भुगतान किया गया है।

## सम्पादकीय

# आप ने दिल्ली का चुनाव तो जीत लिया मगर प्रदूषण और कचरे से निजात कैसे दिलायेगी?

दिल्ली में नगर निगम में भाजपा का शासन होने के बावजूद भाजपा निगम के कामकाज को उपलब्धि के तौर पर भुनाने में नाकामयाब रही। इसके विपरीत मुख्यमंत्री केजरीवाल के पुराने कामकाज के मद्देनजर मतदाताओं ने उनके वादों पर भरोसा जताया।चुनाव बाद हुए एक्जिट पोल में जैसी की संभावना व्यक्त की जा रही थी, उसके मुताबिक दिल्ली नगर निगम के चुनाव में आम आदमी पार्टी आसानी से बहुमत का आंकड़ा पाने में सफल रही। आप ने 134 वार्डों में जीत दर्ज कर बोर्ड पर अपना परचम फहरा दिया। भाजपा की भ्रष्टाचार सहित दूसरे मुद्दों पर आप को घेरे में लेने की कोशिश विफल रही। भाजपा 104 वार्डों में चुनाव जीतने के साथ दूसरे स्थान पर रही। कांग्रेस इस चुनाव में भी फिसड्डी साबित हुई। कांग्रेस दहाई का आंकड़ा भी हासिल नहीं कर सकी और 9 वार्डों में जीत कर तीसरे स्थान पर सिमट गई।
कॉर्पोरेशन के चुनाव को लोकसभा चुनाव का लिटमस टेस्ट भी कह सकते हैं। इस चुनाव ने साबित कर दिया है कि अब वो दिन लद गए जब सिर्फ नारों और पुरातन विचारधारा के दम पर मतदाताओं को बरगलाया जा सकता है। एमसीडी के चुनाव ने जन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने पर भाजपा का 15 साल पुराना मजबूत राजनीतिक किला ढहा दिया। इसका व्यापक संदेश है कि मतदाताओं की परवाह नहीं करने वाले राजनीतिक दलों की खैर नहीं है। मतदाताओं को फिजूल के मुद्दों की चर्चा कर गुमराह नहीं किया जा सकता। महंगाई और बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं को छोड़ दें तो, स्थानीय स्तर पर हर रोज होने वाली समस्याओं के समाधान का ठोस आश्वासन और कार्रवाई के बगैर किसी भी राजनीतिक दल के लिए चुनावी मैदान में टिकना आसान नहीं है।इतना ही नहीं विशेषकर शहरी मतदाताओं और आम नागरिकों को सुविधाओं के साथ गुणवत्ता की भी दरकार है। सिर्फ बुनियादी सुविधाएं मुहैया करा कर ही मतदाताओं का भरोसा नहीं जीता जा सकता है, बल्कि सुविधाओं के साथ गुणवत्ता भी होना जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल न सिर्फ बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने में बल्कि उन्हें गुणवत्तायुक्त बनाने में भी कामयाब रहे हैं। मोहल्ला क्लिनिक और स्कूलों में अंग्रेजी के माध्यम से स्तरीय शिक्षा इसका उदाहरण हैं। इन चुनावों से यह भी साफ हो गया कि भ्रष्टाचार मतदाताओं के लिए तभी बड़ा मुद्दा बन सकता है, जब बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का अभाव हो। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में की गई कार्रवाई और भाजपा द्वारा उन्हें प्रचारित किए जाना चुनावी दृष्टि से फायदेमंद नहीं साबित नहीं हुआ।
दिल्ली में नगर निगम में भाजपा का शासन होने के बावजूद भाजपा निगम के कामकाज को उपलब्धि के तौर पर भुनाने में नाकामयाब रही। इसके विपरीत मुख्यमंत्री केजरीवाल के पुराने कामकाज के मद्देनजर मतदाताओं ने उनके वादों पर भरोसा जताया। भाजपा ने बोर्ड पर लगातार 15 साल तक राज किया। इसके बावजूद दिल्ली में भारी प्रदूषण, यमुना नदी का प्रदूषण, यातायात की सुगम व्यवस्था जैसी समस्याओं का ठोस निराकरण नहीं कर सकी।

# संविदा कर्मचारियों से किए वादो को पूरा नहीं कर रही सरकार

## -संविदा कर्मचारियों ने प्रियंका से की शिकायत

जयपुर. संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान के पदाधिकारियों ने आज बूंदी में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी से मुलाकात की। यहां उन्होंने सरकार की ओर से संविदा कर्मचारियों को दी जा रही नई नियुक्ति की शिकायत करते हुए पुराने वादे पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। पदाधिकारियों ने प्रियंका को सरकार के बनाए राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल



हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 के बारे में जानकारी दी और बताया कि सरकार ने चुनाव से पहले जो अपने घोषणा पत्र में वादा किया था सभी संविदा कार्मिकों को नियमित करने का वह नहीं किया जा रहा। इसके बदले ये नया नियम लाकर सरकार पुराने संविदा कार्मिकों को नई ज्वाइनिंग देकर उन्हें नये नियुक्ति पत्र दे रही है। इस नियुक्ति पत्र में उन कर्मचारियों को काम से हटाने तक की डेट भी लिखी जा रही है। यही नहीं कर्मचारियों के मानदेय में भी किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही। जो कर्मचारी पिछले कई सालों से सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे है उनके अनुभव और सर्विस अवधि को शून्य मानकर नए सिरे से उनकी ज्वाइनिंग करवाई जा रही है। इस पर प्रियंका गांधी ने अपने निजी सहायक को इस पूरी मामले का का एक विवरण नोट तैयार करके कर्मचारी संगठनों को मीटिंग के लिए दिल्ली बुलाकर बुलाने की बात कही। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इस मामले में कोई न कोई विचार करेंगी।

# मानव अधिकार की रक्षा करना, हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा :-कृष्ण गोपाल प्रदेश अध्यक्ष ,राजस्थान



विश्व मानव अधिकार दिवस। के उपलक्ष में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन अलवर द्वारा मानवाधिकार दिवस मनाया गया। होटल स्वरूप विलास मोती डूंगरी अलवर में चले देर रात इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य अन्याय अत्याचार, भ्रष्टाचार, कालाबाजारी अवैध वसूली, महिला उत्पीड़न और महिला शोषण के प्रति राज्य की जनता को न्याय दिलाना है। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन राज्य के 33 जिलों में फैला हुआ है। इस अवसर पर श्रीमती सरला चौहान को बेहतरीन अलवर जिला अध्यक्ष के रूप में नवाजा गया, विशिष्ट अतिथि के रुप में श्रीमान घनश्याम सिंह जी चौहान मानव अधिकार नई दिल्ली से शामिल हुए।और इसी कड़ी में राजस्थान प्रदेश से मुख्य अतिथि श्रीमती शिवानी त्यागी, प्रदेश वरिष्ठ प्रभारी ,श्रीमती दिव्या शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमान महावीर सिंह जी, चौहान प्रदेश वरिष्ठ मीडिया प्रभारी श्रीमती रितु दवे प्रदेश सचिव श्रीमान मनीष गुप्ता, प्रदेश सचिव , श्रीमान अनिल पारीक, जयपुर संभाग अध्यक्ष।श्रीमती गीतांजलि एवं श्री सुश्री रिचा अग्रवाल प्रदेश सदस्य एवं अन्य गणमान्य अतिथि की मौजूदगी में यह सम्मान दिया गया।

# भारत जोडो यात्रा देश की राजनीति में एक नया शंखनाद करेगी:-जूली

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान के अलवर जिले के मालाखेडा में ऐतिहासिक स्वागत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा देश की राजनीति में एक नया शंखनाद करेगी। आमजनता की आवाज बन चुकी इस यात्रा से जुड़े लाखों लोगों ने देश के नागरिकों के दृश्यपटल पर राजनीति का नया पटाक्षेप किया है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी व नफरत के खिलाफ राहुल की यह यात्रा का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए हम सभी को संयुक्त रूप से मिलकर राहुल गांधी के कंधे से कंधा मिलाना है। मंत्री जूली सोमवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव महुवा खुर्द, बीजवाड नरूका, खारेडा, पृथ्वीपुरा, बालेटा, भण्डोडी एवं पूनखर में आयोजित चौपाल पर उपस्थित हजारों लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

**जूली ने पीले चावल बांटकर राहुल के स्वागत के लिए दिया न्यौता**

केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों व आमजन से अपील करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की मालाखेडा में आयोजित होने वाली जनसभा एवं शहर के कटीघाटी से शुरू होने वाली पैदल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस



यात्रा का स्वागत करे। उन्होंने इस यात्रा में शामिल होने के लिए ग्रामीणों को पीले चावल बांटकर स्वागत करने के लिए न्यौता दिया।
मंत्री जूली ने कहा कि आमजन अपने नेता के स्वागत के लिए माला व साफा पहनाते है लेकिन इस माला व साफे के असली हकदार वे खुद हैं। जनता का सम्मान ही नेता का सम्मान है। ग्रामीणों की ओर से खारेडा तिबारा पर आयोजित जूली के सम्मान में अपना साफा वहां उपस्थित 82 वर्षीय हरिया खान को साफा पहनाकर कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही वे आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आमजन के अपार स्नेह की बदौलत ही उन्हें मंत्री पद पर सुशोभित किया गया।
इस अवसर पर आईवाईसी के नेशनल कॉर्डिनेटर सिद्धार्थ व्यास, प्रधान दौलतराम जाटव, वीरवती, उपप्रधान हट्या खान, राजेन्द्र व्यास, उमरदीन खान, सरपंच हरिकिशन मीना, सुनील शर्मा, राजेन्द्र बैरवा, हजारीलाल मीना, इन्दर मीना, अनिल नरूका, महेश नरूका जगदीश यादव, जगदीश खारेडा, मकोला, तिलकराज, शाहबुदीन, हाजी इस्माईल, गिर्राज प्रसाद शर्मा, फरमीन खान, देवीसिंह राजपूत, धर्मसिंह यादव, अनिल दुबे, धर्मी योगी, अनिल तिवाडी, निरंजन सिंह, बनेसिंह, राजेन्द्र मिश्रा, मनीष नावरिया, द्वारिका शर्मा, डॉ. जितेन्द्र सैनी, प्रहलाद मीना, पून्याराम, देवीचौधरी, गोकुल राम सैनी, रावमावतार बैरवा, जगराम सैनी, बी.एल. मीना, मनोहरलाल मास्टर, अमरसिंह राजोरिया, कमलसिंह चौधरी, भीकाराम मुदगल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रेशम देवी जी के 86 वें जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय सेवा कार्यक्रमों का समापन !

**मरुधर विशेष ब्यूरो चीफ रुपेश शर्मा**

विधायक संजय शर्मा ने एक कमरा, सिंगल फेस की बोरिंग एवं 1 लाख रूपए की खेल सामग्री की घोषणा करी ! वही नगर परिषद् सभापति ने स्कूल मरम्मत एवं रंग रोगन की करी घोषणा ! जब तक ईश्वर शक्ति देगा सेवा पथ पर चलकर सेवा करता रहूँगा झ डॉ. एस. सी. मित्तल !
महोदय, रेशम देवी नानक चन्द मित्तल फाउंडेशन मुख्य ट्रस्टी डॉ एस सी मित्तल की माताजी श्रीमती रेशम देवी के 86 वें जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय सेवा कार्यक्रमों का समापन किया गया ! मित्तल फाउंडेशन के सचिव गिरीश गुप्ता ने बताया कि 11 दिसम्बर को माताजी श्रीमती रेशम देवी जी के 86 वें जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय सेवा कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रथम दिन 10 दिसम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक रेलवे स्टेशन स्कूल में 251 बच्चो को स्वेटर वितरण किये गए थे जिसमे मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम माननीय श्री उत्तम सिंह शेखावत जी, विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पूनम गोयल जी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल , स्पेशल गेस्ट पार्षद शशिकला, रामकिशन जी एवं मित्तल फाउंडेशन की आजीवन ट्रस्टी अलका मित्तल जी थी !
दुसरे दिन 11 दिसम्बर को राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोक गहलोत जी द्वारा चली गयी इन्दिरा रसोई योजना के अन्तर्गत सौभाग्या एजुकेशन एण्ड रूरल डेवलपमेंट संस्थान द्वारा संचालित रसोई संख्या 651 में जरूरतमंद एवं असहाय लोगो को निःशुल्क खाना खिलवाया ! डॉ. मित्तल, अलका मित्तल जी सहित फाउंडेशन के लोगो ने आमजन को खाना परोसा एवं खुद खाकर भी भोजन की गुणवत्ता की जाँच करी ! साथ ही संचालिका भगवती यादव जी को माला पहनकर एवं शौल उढ़ाकर बेहतरीन सेवा कार्य करने पर बधाई दी ! दुसरे दिन ही शाम को बिजली घर सर्किल स्थित विजन संस्थान पर गरीब एवं असहाय लोगो को अपने हाथो से परोसकर फल एवं भोजन खिलाकर माताजी का जन्मदिन मनाया ! मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया योगेश मिश्रा ने गरीब एवं



असहाय लोगो को खाना खिलाना परोपकार बताकर मित्तल फाउंडेशन को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि मौजपुर का निवासी होने के नाते श्रीमती रेशम देवी जी मेरी ताईजी है मै उनके स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु होने की प्रभु से मंगल कामना करते हुए 86 वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई देता हूँ !
तीसरे दिन 12 दिसम्बर को राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल खुदनपुरी में तकरीबन 200 जरूरतमंद बच्चो को स्वेटर वितरण किये गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर शहर विधायक श्री संजय शर्मा जी, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद् सभापति श्री घनश्याम गुर्जर, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी डॉ एस सी मित्तल, विशिष्ट अतिथि मित्तल फाउंडेशन की आजीवन सदस्य अलका मित्तल , फाउंडेशन के सचिव गिरीश गुप्ता, पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ट्रस्टी डॉ. महेश जैन, यूसी रेलवे स्टेशन प्रिंसिपल मनीराम गुर्जर , बीजेपी के भावी नेता सुभाष दायमा, स्पेशल गेस्ट डॉ. राकेश गुप्ता , श्री महेश चन्द गर्ग, पार्षद रिंकू , कानूनगो से रिटायर्ड रामबक्श जी रहे ! सभी अतिथियों का माला पहनाकर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया ! मंच संचालन आर. डी. एन. सी. मित्तल फाउंडेशन के सचिव गिरीश गुप्ता ने मंच संचालन किया !
विधायक संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में डॉ एस सी मित्तल जी को माताजी के तीन दिवसीय सेवा कार्यो की बधाई देते हुए कहा कि आप जैसे भामाशाह जिस शहर में हो वहाँ ना तो कोई बच्चा ठण्ड से सिकुडेगा और ना ही कोई व्यक्ति भूखा सोयेगा उन्होंने अपने विधायक कोटे से राज.उच्च.प्राथमिक खुदनपुरी स्कूल में एक कमरा, नगर विकास न्यास की तरफ से सिंगल फेस की बोरिंग एवं 1 लाख रूपए के खेल सामग्री देने की घोषणा करी ! कार्यक्रम में मित्तल फाउंडेशन द्वारा 132 कमजोर बच्चो को एक्स्ट्रा क्लास के लिए लगायी गयी अध्यापिका अमृता को विधायक संजय शर्मा ने माला पहनाकर बधाई दी ! साथ ही खेल प्राधिकरण विभाग भारत सरकार द्वारा खुदनपुरी स्कूल की 9 बालिकाओ को मिले स्कोलरशिप किट को देकर सम्मानित किया !
नगरपरिषद् सभापति श्री घनश्याम गुर्जर ने अपने उद्बोधन में माताजी की दीघार्यु एवं अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना करते हुए मित्तल फाउंडेशन के पदाधिकारियों को तीन दिवसीय सेवा कार्यो की बधाई दी सभापति ने भी खुदनपुरी स्कूल में मरम्मत कार्य एवं रंग रोगन करवाने की घोषणा करी जिस पर एक्टिव प्रिंसिपल विजेन्द्र नरुका ने दोनों का आभार व्यक्त किया एवं आगे भी समय समय पर सहयोग देने की बात कही !
डॉ मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा कि माताजी के आशीर्वाद से हम लोग कुछ करने योग्य हुए है जब तक ईश्वर शक्ति देगा सेवा पथ पर चलकर सेवा करता रहूँगा ! इस मौके पर विजेन्द्र नरुका द्वारा क्रिकेट किट की मांग पर तकरीबन 10 हजार के खर्च को डॉ. एस. सी. मित्तल ने तुरन्त कार्यक्रम में ही स्वीकृत करके 10000 रूपए का चेक भी डे डाला ! कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का गमले सहित पौधा देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया !

# बग्गा के नेतृत्व में व्यापारी ने खुलवायीं दुकानें

**मरुधर विशेष / संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

- बसन्त सिंह बग्गा के पहुँचने पर व्यापारी हुए गौरवान्वित
- बग्गा के पहुँचने पर प्रशासन के हाथ-पैर फूल
- शान्तिपूर्ण वापस होने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस
- सभी व्यापारियों की दुकानें खुलवायीं

रायबरेली, उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा, प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी, जिला महामंत्री मुन्ना पाण्डेय, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला युवा महामंत्री अनुज त्रिवेदी, अतुल श्रीवास्तव आदि लोगों ने जनपद के डीह, भरतगंज, हरचन्दपुर आदि कस्बों में जाकर डरे-



सहमे व्यापारियों को ढांढस बँधाया, तथा अपने सामने सभी की दुकानें खुलवायीं। व्यापारियों ने अपने नेताओं को अपने पास पाकर गौरव की अनुभूति की, सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि आज जब हमको शान्तिपूर्ण ढंग से व्यापारी नहीं करने दिया जा रहा है तो कई ऐसे तत्व सामने आ गये हैं, जो मात्र अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने का काम कर रहे हैं, व्यापारियों के इस संकट के समय में व्यापारी नेता बसन्त सिंह बग्गा प्रत्येक व्यापारी के सुख-दुख में पूर्व की भाँति खड़े हैं, सही मायने में व्यापारियों के सच्चे हितैषी बसन्त सिंह बग्गा व उनकी टीम ही है। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारियों से भी श्री बग्गा ने वार्ता की और उन्हें निर्देशित किया कि किसी भी तरह से व्यापारियों का उत्पीड़न न किया जाए।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अधिक से अधिक लोगों को भारत जोड़ो यात्रा से जोड़ने के लिए किया संपर्क

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

अलवरः- कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में अलवर आने वाली भारत जोड़ो यात्रा को लेकर अलवर शहर में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अधिक से अधिक लोगों को यात्रा से जोड़ने के लिए संपर्क किया। कांग्रेस




जिलाध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा ने बताया की सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राजीव गांधी ब्लॉक की के सी मीणा के आवास पर मीटिंग, हिंद पब्लिक स्कूल काला कुआं में मीटिंग, बाल विहार स्कूल में सोमवंशी समाज की मीटिंग,प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ईमाननुल स्कूल में मीटिंग, होटल एसोसिएशन की इंद्रलोक होटल मीटिंग, गंगा मंदिर में जाटव समाज के साथ मीटिंग की एवं 19 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे मालाखेड़ा जनसभा में तथा 20 दिसंबर को प्रातः 5:15 बजे कटी घाटी, अलवर आने के लिए पीले चावल बांटकर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, श्वेता सैनी, रूपनारायण शर्मा, अजय अग्रवाल, रामबहादुर तंवर, अनिल जैन, बलराम यादव, हीरेन्द्र शर्मा, जोगेन्द्र कोचर, रमन सैनी, रमेश जुनेजा, जगदीश सिंघल, दशरथ सिंह शेखावत, पवन खंडेलवाल, धीरज कटारिया, मनीष भाटिया, पंकज शर्मा, योगेश लाठा, रामावतार वशिष्ठ, पार्षद बीना नरूका, जीत कौर सांगवान, लीली यादव, अनीता ऊपरवाल, नारायण साईंवाल, राजेश याज्ञिक, मदन सिंह हाडा, ललित बेनीवाल, गोपाल जायसवाल, विष्णु गोपालिया,योगेश साईवाल, विनोद जायसवाल, ललित धानावत, पवन शर्मा, ओम प्रकाश सेन, कमल सेन, रिपुदमन गुप्ता, रामस्नेही शर्मा, साजिद खान, मानवेन्द्र सिंह, राजेश विरमानी, जे डी आर्यन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएसआर फंड को लेकर अलवर सांसद महंत श्री बालक नाथ योगी जी ने संसद में की चर्चा

**मरुधर विषय चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

दिल्ली वर्तमान में चल रहे हैं लोकसभा सत्र में अलवर सांसद महंत श्री बालक नाथ योगी जी ने सीएसआर फंड को लेकर लोकसभा अध्यक्ष आदरणीय श्री ओम बिरला जी के समक्ष अलवर लोकसभा में राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बहुलता को देखते हुए प्रश्न करते हुए उसके संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए निवेदन किया। देश की संसद में प्रश्न करते हुए अलवर सांसद महोदय के द्वारा सीएसआर खर्च को लेकर, प्रश्न पूछा किस्थानीय क्षेत्र जिसमें कंपनी स्थापित है,



सीएसआर फंड का पैसा खर्च करना आवश्यक है अथवा नहीं ?
जिसके संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती मंत्री निर्मला सीतारमण जी के द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया।उन्होंने बताया कि कंपनी चाहे तो सीएसआर फंड का स्थानीय क्षेत्र के विकास में प्रयोग कर सकती है।यह कंपनी के निर्णय पर निर्भर करता है। साथ ही फिलहाल स्थानीय क्षेत्र के विकास के लिए सीएसआर फंड को खर्च करना आवश्यक नहीं है।वहीं सीएसआर फंड को लेकर अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी जी ने कहा किभविष्य में यदि केंद्र सरकार नियमों में संशोधन करती है अथवा ऐसी कोई नीति बनाती है, जिसके तहत सीएसआर फंड का स्थानीय क्षेत्र के विकास में खर्च करना आवश्यक रूप से सुनिश्चित हो सके तो इससे अलवर सहित देश के हर उस गांव, उस शहर का विकास सुनिश्चित हो सकेगा, जहां कंपनियां स्थापित है। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी खुशखेड़ा नीमराणा बहरोड़ सहित जिले में अनेकों ऐसे औद्योगिक क्षेत्र है जहां सीएसआर फंड का खर्च यदि स्थानीय क्षेत्र के विकास में लगे तो वहां के स्थानीय लोगों को अभूतपूर्व लाभ प्राप्त होगा।

# ढाई करोड़ से विकसित होगा कुशलगढ रामजी मंदिर

## ढाई करोड़ से विकसित होगा मठ मंगलेश्वर महादेव मंदिर

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढ़ के ऐतिहासिक प्राचीन राम मंदिर एवं मठ मंगलेश्वर के महादेव मंदिर के जीणोर्धार के लिए राज्य सरकार की ओर से दिए आदेशानुसार कार्यालय आयुक्त देव स्थान विभाग राजस्थान उदयपुर के द्वारा जारी किये कार्यालय आदेश दिनांक 02-12-22 (राम मंदिर) 07-12-22(मठ मंगलेश्वर) के अनुसार दोनों मंदिरों के लिए 2.5-2.5 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी करते हुए कार्यकारी एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर को कायार्देश जारी कर दिया गया है ।जिससे उक्त दोनों ही मंदिरों के जीणोर्धार का कार्य शीघ्रता से प्रारंभ होना निश्चित हो चूका है जिससे मंदिर अपने पुराने वैभव में नजर

> कुशलगढ़ के ऐतिहासिक प्राचीन राम मंदिर एवं मठ मंगलेश्वर के महादेव मंदिर के जीणोर्धार के लिए राज्य सरकार की ओर से दिए आदेशानुसार कार्यालय आयुक्त देव स्थान विभाग राजस्थान उदयपुर के द्वारा जारी किये कार्यालय आदेश दिनांक 02-12-22 (राम मंदिर) 07-12-22(मठ मंगलेश्वर) के अनुसार दोनों मंदिरों के लिए 2.5-2.5 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी करते हुए कार्यकारी एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर को कायार्देश जारी कर दिया गया है

आयेगे ।इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय विधायक और राजस्थान जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष रमिला खड़िया कुशलगढ़ ने अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग बांसवाडा से चर्चा कर कहा है की, दोनों ही मंदिरों के जीणोर्धार का कार्य शीघ्रता से पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न करे जिससे मंदिर को और भी ज्यादा भव्य रूप दिया जा सके। क्षेत्र की जनता में हर्ष व्याप्त है। अयोध्या के राम मंदिर के साथ साथ कुशलगढ़ के प्राचीन राम मंदिर का भी जीणोर्धार की कार्य स्वीकृति जारी करवाते हुए विधायक ने अद्वितीय कार्य किया है। विधायक ने कहा की भगवान श्री राम किसी राजनैतिक दल विशेष के नहीं होकर जन-जन के मयार्दा पुरषोत्तम है तथा देवो के देव महादेव हर प्राणी के घट-घट में बसे हुए है। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशन पर देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने कुशलगढ़ राम मंदिर जीर्णोद्धार के लिए राशि प्रदान की है। इसके लिए मुख्यमंत्री ओर मंत्री का दोनों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने मेरे विधानसभा क्षेत्र कुशलगढ़ में बड़ी सौगात प्रदान की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयंतीलाल, पीसीसी सदस्य हसमुख सेठ, प्रतिपक्ष नेता रजनीकांत खाब्या, नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मईडा, नगर पालिका उपाध्यक्ष नितेश बैरागी, पार्षद नरेश गादीया, राहुल सोनी, दिलीप टेलर एवं विप्र फाउंडेशन के हेमेन्द्र पंड्या ने विधायक के कार्य की भूरी भूरी प्रशंशा की

## विशेषज्ञों चिकित्सकों की सेवायें नियमित रूप से उपलब्ध

**मरुधर विशेष**

फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर राईका बाग क्षेत्र में राजपूत समाज छात्रावास के पास स्थित श्री करणी हॉस्पिटल फलोदी में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. सुनीता सिंह, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नीलेश कुमार, हृदय एवं शुगर रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश परिहार की नियमित सेवायें उपलब्ध है। श्री करणी हॉस्पिटल फलोदी के प्रबंध निदेशक रघुवीरसिंह चारण ने बताया कि हॉस्पिटल में रंगीन फोटोग्राफी, डीलक्स कॉटेज, मॉड्यूलर ओटी, डिजिटल एक्स रे, आधुनिक लेबोरेटी की सुविधायें चौबीसों घंटे उपलब्ध है। हॉस्पिटल में सिजेरियन प्रसव, बच्चेदानी एवं बवासीर का ऑपरेशन, एक्टोपिक प्रेग्नेंसी, अपेंडिक्स ऑपरेशन, पित्ताशय का ऑपरेशन, हर्निया का ऑपरेशन, प्रोस्टेट एवं पत्थरी के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

## एचडीएफसी बैंक की नवीन शाखा का विधायक ने किया उद्घाटन

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढ़ः एचडीएफसी बैंक की स्मार्ट शाखा कुशलगढ़ का उद्घाटन मुख्य अतिथि रमिला खड़िया ने फीता काटकर किया। विशिष्ठ अतिथि करणीसिंह राठोड, रजनीकांत खाबिया, हंसमुख सेठ, कमलेश कावड़िया, सुधीर स्वर्णकार रहे उन्होंने एचडीएफसी बैंक के समस्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रदान की और एचडीएफसी की सुविधायो को खूब सराहा।



शाखा प्रबंधक से बैंक को अच्छे मुकाम पर ले जाने के लिए निरंतर परिश्रम करने एवं ग्राहकों को संतुष्ट करने की सलाह दी। शाखा प्रबंधक दुर्गेश पंड्या द्वारा शाखा में प्रदान की जाने वाली बैंकिंग सेवाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि हमारा बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद देश का सबसे बड़ा बैंक है और इस तरह की राजस्थान में हमारी कई स्मार्ट बैंकिंग लॉबी चल रही है, जिसका आमजन को लाभ मिल रहा है। पंड्या ने कहा की नगर में लोगो को बेहतर सुविधाए देने का बैंक पुरजोर प्रयास करेगा उन्होंने लोगो से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर बांसवाडा शाखा प्रबंधक दीपक कुमार जैन, दाहोद रोड शाखा प्रबंधक दीपक श्रीमाल, टूव्हीलर हेड प्रेम कुमार, उपशाखा प्रबंधक अंकित दवे, केशियर भावेश भट्ट, पर्सनल बेंकर गौरव गर्ग एवं नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## कलश यात्रा के साथ आज शुरू होगी भागवत कथा

**मरुधर विशेष**

फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर स्थित महालक्ष्मी कटले में मंगलवार से श्री भागवत कथा का शुभारंभ होगा। सत्संग सेवा समिति फलोदी के अशोक पंचारिया एवं गणेश चांडा ने बताया कि पश्चिमी काशी मां लटियाल की पावन धरा फलोदी में परम श्रद्धेय गुरु संत तारादेवी के मुखारविंद से श्रीमद भागवत ज्ञान कथा महायज्ञ का विराट आयोजन 13 से 19 दिसंबर तक



चलेगा, दोपहर 2 बजे से प्रतिदिन भागवत कथा का वाचन किया जायेगा, इसी के साथ 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक श्री विष्णु नारायण महायज्ञ का आयोजन भी होगा। पंचारिया ने बताया कि मंगलवार 13 को प्रातः 11 बजे मंगल कलश यात्रा रघुनाथ मंदिर से कथा स्थल तक निकाली जायेगी। सोमवार को कथा स्थल पर कलश यात्रा एवं भागवत कथा से संबंधित तैयारियों के लिये संत तारादेवी के सांनिध्य में बैठक आयोजित हुई। बैठक में गणेश चांडा, अशोक पंचारिया, तिलोकसिंह गहलोत, राजू व्यास, सूरजमल सुथार, अशोक शर्मा, गणेश सुथार, चंद्रप्रकाश छीपा, रवींद्र जैन, मुकेश कोठारी एवं अजय माली आदि उपस्थित रहे।

## जीनगर समाज में ई लाइब्रेरी का शुभारंभ

**मरुधर विशेष**

फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर इंदिरा कॉलोनी में स्थित जीनगर समाज भवन में सोमवार को ई लाइब्रेरी का उ?द्घाटन वरिष्ठ समाज सेवी ठाकुरदास पंवार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। लाइब्रेरी व्यवस्थापक माणकचंद जीनगर ने बताया कि विधार्थियों के विकास एवं प्रतिस्पर्धा में सफल होने के लिये लाइब्रेरी वर्तमान की महत्ती आवश्यकता है, आपने




विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत कर समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया।सेवानिवृत्त व्याख्याता भंवरलाल सोलंकी ने विद्यार्थियों को मनोयोग से पढ़ने एवं समय का सदुपयोग करने की सीख दी। इस अवसर पर भामाशाहों एवं लाइब्रेरी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पार्षद छोटूलाल पंवार, लीलाधर कन्नौजिया एवं श्रीमती रेखा व्यास ने लाइब्रेरी की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर व्याख्याता गोपाललाल देवड़ा, कैलाश राठौड़, श्यामा पंवार एवं भवानी पंवार ने भी विचार व्यक्त किये। शुभारंभ समारोह में साहित्यकार सूर्यप्रकाश जीनगर, बंशीलाल राठौड़, लक्ष्मणदास कन्नौजिया, कुनणमल राठौड़, मांगीलाल राठौड़, धनराज राठौड़, भूरा व्यास, सुनिल देवड़ा, अवनीश सोलंकी, मनोज राठौड़ नवरतन, चन्द्रशेखर कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शुभारंभ समारोह का संचालन सूर्यप्रकाश जीनगर ने किया।

## यज्ञशाला का भूमिपूजन कर किया ध्वजारोहण

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढ पंचायत समिति के पोटलिया हनुमान मंदिर परिसर में देवो के देव भगवान नीलकंठ महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को हनुमान मंदिर परिसर में यज्ञशाला का भूमिपूजन किया गया। बागीदोरा से आए आचार्य श्री कांतिलाल जोशी ने यज्ञशाला का भूमिपूजन व ध्वजारोहण कार्यक्रम किया। भूमिपूजन कार्यक्रम सुबह से



शुरू होकर दोपहर तक चला। पोटलिया के पूर्व सरपंच छगन लाल खड़िया ने बताया कि भगवान नीलकंठ महादेव मंदिर के नवनिर्मित मंदिर की 3 दिनी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 1फरवरी 2023 से शुरू होगा। जोकि 3 फरवरी 2023 तक चलेगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहले दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में भूमि पूजन पोटलिया के पूर्व सरपंच छगन लाल खड़िया ने किया। इस दौरान मठ मंगलेश्वर के महंत दिवाकर भारती,लालचंद महाराज,सुरसिंग खड़िया,सोहनलाल खड़िया, उप सरपंच नरेशजी,बद्रीलाल वार्ड पंच, गलिया भाई,बाबूलाल प्रजापत,प्रेमाभाई,धरमपालजी, झिथरा भाई बारिया, भक्त गण व ग्रामवासी सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की हुई मौत

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां- कामां जुरहरा मार्ग पर कामां थाने के समीप रविवार देर रात को एक अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर ट्रॉली से जा भिड़ी हादसे मे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सोमवार को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गईड्डमिली



जानकारी के अनुसार जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव दांदेडा निवासी सचिन पुत्र महेश जाटव बाइक पर सवार होकर कामां से अपने गांव जा रहा था इसी दौरान जुरहरा रोड पर मामा होटल व कामां थाने के समीप उसकी बाइक आगे जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली में जा घुसी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद घायल को कामां अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने के चलते उसे भरतपुर रैफर कर दिया गया हादसे में घायल सचिन जाटव ने सोमवार सुबह भरतपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कामां अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दियो

# महिलाओ के अधिकार संबंधित विधिक जागरूकता शिविर हुआ सम्पन्न

### सभी वक्ताओं ने रखे अपने विचार स्व सहायता समूह, शिक्षिका ,स्वास्थ्य कर्मी ,आगनबाडी सहित मितानिन कार्यकर्ता थी उपस्थित

**मरूधर विशेष राजकुमार बंसल छत्तीसगढ़**

**एम .सी .बी.राष्ट्रिय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा समाज मे पिछडे. व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, विकलांग व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है तथा उक्त अधिनियम के कारण किसी भी प्राकर से किसी विकलांग या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को न्याय से वंचित नहीं रखा जा सकता है. न्याय प्राप्त करने का जितना अधिकार एक अमीर व्यक्ति या किसी समान्य वर्ग के व्यक्ति को है**

एम .सी .बी.राष्ट्रिय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा समाज मे पिछडे. व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, विकलांग व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है तथा उक्त अधिनियम के कारण किसी भी प्राकर से किसी विकलांग या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को न्याय से वंचित नहीं रखा जा सकता है. न्याय प्राप्त करने का जितना अधिकार एक अमीर व्यक्ति या किसी समान्य वर्ग के व्यक्ति को है उतना ही अधिकार एक आम व्यक्ति को है न्याय प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार का भेद-भाव नहीं है, सभी को समान अवसर दिए जाना इस अधिनियम के अंतर्गत शामिल कर लोगो के बीच जागरूकता कार्यक्रम कर समाज के अंतिम छोर मे निवासरत जो न्याय से बंचित जो उसे निशुल्क कानूनी जानकारी प्रदान कर लाभ दिलाना मुख्य उदेश्य है वंही तालुका विधिक सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ के माध्यम से जनपद सभागार मे महिलाओं के अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान कराने हेतु महिलाओं के अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी विडियो एवं वक्तब्य के माध्यम से दी गई जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्रीमान मंसूर अहमद प्रधान न्यायधीश परिवार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ एवं दुतिय जिला एवं सत्र न्यायधीश सुश्री सुनीता साहू, विशिष्ट अतिथि माननीय श्री मानवेंद्र सिंह प्रथम जिला एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश , एवं उक्त जागरूकता कार्यक्रम का संचालन श्रीमति एकता अग्रवाल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम मे अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीवनलाल , सचिव सूरजभान सिंह, सहायक विकास विस्तार अधिकारी कमल किशोर जायसवाल, महिला अधिवक्ता श्रीमति पुनम गुप्ता ,श्रीमति रश्मि पाण्डेय सभी के द्वारा महिलाओ के अधिकार के संबंध मे कानूनी जानकारी दी गई तथा उक्त कार्यक्रम मे महिला स्व सहायता समूह, शिक्षिका ,स्वास्थ्य कर्मी ,आगनबाडी एवं मितानिन सहित सैकड़ो महिला कर्यकर्तागण सभी उपस्थित थी।

# महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में किया श्रमदान

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

किशनगढ़ बास । स्थानीय महाविद्यालय में द्वितीय एक दिवसीय एन.एस.एस कैंप का आयोजन किया गया ' जिसमें स्वयं सेविकाओं शपथ ग्रहण करते हुए कार्य की शुरूआत की गई स्वयं सेविकाओं ने स्थानीय महाविद्यालय कैंपस और आसपास क्षेत्र में सफाई कार्य किया गया ' इस मौके पर मत्स्य विश्वविद्यालय खेल प्रभारी डॉ विक्रम भड़ाना ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए अपने आसपास साफ-सफाई तथा समाज में फैली कुरीतियों से क्षेत्रवासियों का अवगत कराना आपका मूल लक्ष्य होना चाहिए ।




उन्होंने यह भी कहा कि जो राष्ट्र सेवा योजना में इस एक दिवसीय कैंप में प्रथम आएगा उस दल को महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में सम्मानित किया जाएगा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ-साथ उन्होंने शिक्षा में भी पूर्ण ध्यान देने के लिए स्वयं सेविकाओं को प्रेरित किया। प्राचार्य विजय कुमार ने सभी अतिथियों का सम्मान किया तथा स्वयं सेविकाओं को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम अधिकारी ललिता यादव ने संपूर्ण कार्य की रूपरेखा स्वयं सेविकाओं को समझाइ तथा पूर्व में आयोजित हुए कैंप की उपलब्धियां बताई तथा आने वाले 7 दिवसीय कैंप की प्लानिंग सभी स्वयं सेविकाओं को बताई । इस मौके पर रंजना, गजेंद्र सिंह ,नरेश कुमार, सचिन, काजल आदि स्टाफ मौजूद रहा '

# भीम सैनिकों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

### अनुसूचित जाति वर्ग के गरीब परिवारों को न्याय दिलाने की मांग

मरुधर विशेष/ विजय सिंह

किशनगढ़ बास। राजस्थान के सिरोही जिले के कार्तिक भील सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में अनुसूचित जाति वर्ग के गरीब परिवारों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भीम सेना जिला अध्यक्ष कमल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों भीम सैनिकों ने मुख्यमंत्री के नाम किशनगढ़बास उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा को ज्ञापन सौंपा है। भीम सेना जिला अध्यक्ष कमल सिंह ने बताया कि शुक्रवार भीम सेना के तत्वधान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान सरकार जयपुर के नाम किशनगढ़ बास एसडीएम गंगाधर मीणा को ज्ञापन सौंपा गया है। दिए गए ज्ञापन में राजस्थान के सिरोही जिले के कार्तिक भील सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में अनुसूचित जाति वर्ग



के गरीब परिवारों पर हो रहे जुर्म अत्याचार में पुलिस प्रशासन के लापरवाह अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त करने की मांग रखी गई है एवं प्रशासनिक उपखंड अधिकारी आदि को निलंबित करने की मांग के साथ ही उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर राजस्थान में हो रही अनुसूचित जाति वर्ग पर अमानवीय घटनाओं की जांच करवाई जाए व पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी जाए और दोषी को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। भीमसेना जिलाध्यक्ष कमल सिंह ने कहा अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो पूरे राजस्थान में भारत जोड़ों यात्रा का बहिष्कार किया जाएगा । इस मौके पर कमलसिंह भीमसेना जिलाध्यक्ष अलवर ,रामनाथ मेघवाल, कपिल चौहान, जयपाल ,विक्रम, मोहित बसवाल, मनीष साँवरिया,सतवीर सिंह, देवी सिंह, सुरेंद्र ,राकेश ,रवि रसगोन, तैयबखान ,तुलाराम आदि भीम सैनिक मौजूद रहे।

# क्रिकेट मैच के बहाने दिया साइबर सुरक्षा जागरूकता का संदेश

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

अमेठी,। प्रदेश भर में बढ़ रही साइबर क्राइम की घटनाओं के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस कप्तान द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को एचएएल कोरवा मैदान पर क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में अमेठी पुलिस व मीडिया इलेवन के साथ ही एचएएल और संभ्रांत नागरिकों तथा व्यापारियों की टीम ने भी प्रतिभाग किया।साइबर क्राइम जागरूकता क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ एसपी डा. इलामारन जी ने फीता काटकर किया। पहला मैच मीडिया इलेवन और पुलिस की टीम के बीच खेला गया। 15 ओवरों के मैच में एएसपी हरेंद्र कुमार और आरक्षी रोहित यादव शुरूआत करने उतरे।सधी शुरूआत करते हुए एएसपी ने 21 रनों की पारी खेली। उनके विकेट का पतन होने के बाद कप्तान डा. इलामारन जी बल्लेबाजी करने उतरे। इसके बाद



रोहित और एसपी की जोड़ी ने जमकर चौके छक्के लगाए। रोहित यादव ने 125 रनों की नाबाद पारी खेली। जबकि पुलिस कप्तान ने 22 रनों की पारी खेली। मीडिया टीम के कप्तान चिंतामणि मिश्र ने दो विकेट लिए। इस बल्लेबाजी की बदौलत पुलिस टीम ने 3 विकेट पर 196 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी मीडिया इलेवन की शुरूआत ही खराब रही और उनक सलामी बल्लेबाज विजय कुमार शून्य के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। मीडिया इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में 105 रन ही बना सकी। पुलिस टीम ने मैच जीत लिया। मीडिया सेल के रोहित यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एसपी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। कोतवाली प्रभारी मुंशीगंज शिवाकांत पांडेय ने एसपी को स्मृति चिन्ह दिया।

### अमेठी बॉयज ने जीता दूसरा मुकाबला

दूसरा मुकाबला अमेठी बॉयज और एचएएल की टीम के बीच खेला गया। जिसमें अमेठी की टीम के कप्तान सुधांशु शुक्ला ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए नीरज शुक्ला के शानदार 127 रनों की बदौलत 15 ओवरों में 251 का लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में उतरी एचएएल की टीम निर्धारित ओवरों में 126 रन ही बना सकी। अमेठी बॉयज की टीम ने यह मैच जीत लिया। नीरज शुक्ला को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## तेंदुए का शिकार बनी वृद्ध महिला की मौत

**मरूधर विशेष**

चिरमिरी-भरतपुर ।वनपरिक्षेत्र कुंवारपुर अन्तर्गत कुंवारपुर वन क्षेत्र के गुधौरा ग्राम की घटना बीते दिन एक वन्य जीव तेंदुए के हमले से एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला फुलझरिया पति बब्बू की मौत हो गई, बताया जा रहा है कि



उक्त महिला करीब दिन के 11-12 बजे के बीच मे जंगल की जलाऊ लकड़ी लेने गई थी, करीब 3-4 घंटे बीत जाने के बाद महिला अपने घर को वापिस नहीं लौटी तो महिला के परिजनों को चिंता सताने लगी परिवार जनो द्वारा खोज बिन करते हुए घटना स्थल तक पहुंचने पर तेंदुआ बुजुर्ग महिला को अपना शिकार बना चुका था। उस वक्त महिला मृत अवस्था में पाई गई। परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर वन परिक्षेत्राधिकारी रामसागर गुप्ता तत्काल वन अमला के साथ घटना स्थल रवाना हुए घटना स्थल पर पहुंच कर आगे की कार्यवाही हेतु पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर ले जाया गया। एवं परिवार को अग्रिम सहायता राशि 25000 रु की राशि वनपरिक्षेत्राधिकारी रामसागर गुप्ता द्वारा दी गई। परिक्षेत्राधिकारी द्वारा घटना का विवरण देते हुए यह अपील की है कि सघन वन क्षेत्र की तरफ जाने से ग्रामीणजन बचे एवं अपने जीवन की सुरक्षा के साथ-साथ जंगल को भी सुरक्षित रखें। क्योंकि जंगल जंगली जानवरों का वन परिक्षेत्र में विचरण बना रहता है इसलिए जंगलों से दूरी ग्रामीण जन बनाए रखें सतर्क रहें सुरक्षित रहें किसी भी प्रकार के खतरनाक जंगली जानवरों को देखते ही वन अमले को सूचित करें जिससे वन अमले के लोग आम जनों को सूचित और सतर्क कर जनहानि होने से बचा जा सके

## नीट में चयन होने पर अभिनंदन किया गया

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर आयोजित एक सामाजिक समारोह में चाडी गांव निवासी सवाई सोनी एवं राधेश्याम सोनी का



नीट में चयन होने पर साफा एवं माला पहनाकर तथा पारितोषिक देकर अभिनंदन किया गया। फलोदी मेढ़ क्षेत्रिय समाज के ट्रस्टी एवं शिक्षाविद हनुमानाराम सोनी ने सवाई सोनी को 71 हजार रुपये एवं राधेश्याम सोनी को 21 हजार रुपये का चेक प्रदान कर शुभकामनायें दी। सवाई सोनी ने ऑल राजस्थान में 2907 वीं रैंक एवं राधेश्याम सोनी ने 6323 वीं रैंक हासिल की है, इनको एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर मिला है, छात्र सवाई एवं राधेश्याम सोनी का नीट में चयन होने पर एएसपी पारस सोनी, तहसीलदार प्रतिज्ञा सोनी, हनुमानाराम सोनी, एडवोकेट गणपत लाल सोनी, एडवोकेट बजरंगलाल सोनी, मुल्तानाराम सोनी, सरपंच रामसिंह, दीपचंद सोनी, मोहनलाल सोनी, मेढ़ क्षेत्रिय स्वर्णकार समाज अध्यक्ष सुनील कुमार सोनी, छगनलाल सोनी, राजकुमार सोनी, झनकारी देवी सोनी, मगराज सोनी, शंकरलाल सोनी एवं मदनलाल सोनी आदि ने खुशी व्यक्त करते बधाई दी है। उल्लेखनीय है सवाई सोनी की बहन रितु सोनी एवं राधिका सोनी का पूर्व में नीट में चयन हो चुका है।

## राज्य सरकार की नाकामियों पर बरसे शेखावत एवं पंचारिया

**मरुधर विशेष**

फलोदी। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के तत्वावधान में राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं कुशासन के खिलाफ शुरू की गई जन आक्रोश रथ यात्रा के तहत फलोदी कस्बे में रैली निकालकर सभा का आयोजन किया



गया। सभा में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया, विधायक पब्बाराम विश्नोई, जिलाध्यक्ष मनोहरलाल पालीवाल सहित अन्य कई भाजपा नेता एवं पदाधिकारी शामिल हुये। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोहरलाल पालीवाल ने बताया कि फलोदी कस्बे में रेलवे स्टेशन से भैय्या नदी तक जन आक्रोश रथ यात्रा के दरम्यान जनसंपर्क कर राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ पत्रक बांटकर जानकारी दी गई। भैय्या नदी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शेखावत एवं पंचारिया ने राज्य सरकार की नाकामियों को गिनाते हुये उसे हर मोर्चे पर विफल बताया तथा केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियों का बखान किया। सभा में रथ यात्रा संयोजक सुखराम जाणी, रमेश पालीवाल, विधानसभा प्रभारी जुगल किशोर व्यास, संयोजक जयप्रकाश बोहरा, उपाध्यक्ष रावल जाणी, जिला परिषद सदस्य विक्रमादित्यसिंह आमला, रमेश थानवी, ओम बोहरा, शिवकुमार व्यास, सुंदरलाल बोहरा, बृजमोहन बोहरा, जगदीश मेघवाल, जगदीश पालीवाल, सुनील व्यास, सुनील कुमार बुरड़, राजीव देवड़ा, मेघराज कल्ला, शिव पंचारिया, गरिमा जोशी, अशोकसिंह राजपुरोहित, सौरव बोहरा, मोती पुरोहित सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जीनगर समाज के अध्यक्ष को श्रद्धांजली अर्पित की

**मरुधर विशेष**

फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर लटियाल सिनेमा के पीछे स्थित जीनगर समाज फलोदी के न्याति नोहरे में आयोजित श्रद्धांजली सभा मेंजीनगर समाज फलोदी के अध्यक्ष शिक्षाविद स्वर्गीय अलसीदास जीनगर को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्षद छोटूराम



जीनगर, पार्षद लीलाधर कन्नौजिया, सोहनलाल सोलंकी, पूर्व पार्षद फूसाराम जीनगर, स्वरूपचंद कन्नौजिया, नारायण देवड़ा, मोहनलाल जीनगर, जयनारायण सोलंकी, किशनलाल जीनगर, नवरतन जीनगर, मोतीलाल सोलंकी, अरूण पंवार, भवानी पंवार, चन्द्रशेखर कन्नौजिया सहित अन्य कई गणमान्य एवं युवा उपस्थित रहे। इस दरम्यान उपस्थित नागरिकों ने स्वर्गीय अलसीदास जीनगर की तस्वीर पर पुष्पाजंली अर्पित करते उनके निधन को समाज के लिये अपूरणीय क्षति बताया एवं उनके द्वारा समाज उत्थान के लिये दी गई सेवाओं की सराहना की। शिक्षाविद जीनगर के निधन पर वरिष्ठ शिक्षक नेता अरूण व्यास, माणकचंद जीनगर, जगदीश जयपाल, डॉ. मुरलीधर कटारिया, रेवतलाल मेघवाल, साहित्यकार सूर्यप्रकाश जीनगर, अशोक कुमार मेघवाल, गोरधन जयपाल, चंद्रप्रकाश जीनगर, शिक्षक नेता बाबूलाल गंढेर, चंदन कुमार आदि ने भी दुख व्यक्त किया है।

## व्यास ने खेल मंत्री चांदना एवं कन्हैया कुमार से मुलाकात की

**मरुधर विशेष**

फलोदी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में अभी राजस्थान में चल रही भारत जोड़ो यात्रा में सोमवार को फलोदी फल एवं सब्जी विक्रेता संघ फलोदी के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस नेता अजय पन्नालाल व्यास ने प्रदेश के खेल एवं युवा मामलात मंत्री अशोक चांदना एवं कांग्रेस के फायर




ब्रांड नेता जेएनयू दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार से मुलाकात की। कांग्रेस नेता अजय पन्नालाल व्यास ने खेल मंत्री अशोक चांदना से राज्य के आगामी बजट में फलोदी में स्थित परमवीर मेजर शैतानसिंह स्टेडियम के विकास के लिये लंबित पड़े प्रस्ताव को स्वीकृत करने एवं फलोदी में इनडोर स्टेडियम के लिये धन राशि स्वीकृत करने की मांग की है। इस दौरान कांग्रेस नेता व्यास ने खेल मंत्री चांदना को परमवीर मेजर शैतानसिंह स्टेडियम में फलोदी नगरपालिका द्वारा बनाये गये ओपन जिम, हाई मास्क लाईटे, 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा, हरी घास, नलकूप, पौधरोपण, जन सुविधाएं, आई लव फलोदी का सेल्फी पॉइंट एवं क्रिकेट पिच के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## विद्युत संबंधी समस्याओं के निस्तारण हेतु विकास खंडवार 13 से 30 दिसंबर 2022 के मध्य कैंप का होगा आयोजन

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

अमेठी 12 दिसंबर 2022, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में जनपद में विद्युत संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए विकास खंडवार



दिनांक 13 से 30 दिसंबर 2022 के मध्य कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैंप के सफल आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंताओं के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित तिथियों में संबंधित विकास खंडों में ससमय पहुंचकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को विकासखंड मुसाफिरखाना, 14 दिसंबर को विकासखंड अमेठी, 16 दिसंबर को विकासखंड तिलोई, 19 दिसंबर को विकासखंड भादर, 20 दिसंबर को विकासखंड गौरीगंज, 22 दिसंबर को विकासखंड संग्रामपुर, सिंहपुर, जामों व बाजार शुकुल, 26 दिसंबर को विकासखंड भेटुआ, 27 दिसंबर को विकासखंड शाहगढ़, 28 दिसंबर को विकासखंड

## ब्यापारियों की नाराजगी देख जीएसटी की छापेमारी पर लगा बिराम

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

जीएसटी की जांच पड़ताल के लिए जिले भर में चल रही छापेमारी को स्थगित कर बिभाग ने ब्यापारियों को समय से सही जीएसटी दाखिल करने की सलाह दी है। इसे नगर निकाय चुनाव को देखते हुए ब्यापारियों की नाराजगी से जोड़ कर देखा जा रहा है। जिले भर में पड़ रहे जी एसटी के छापो पर अब विराम लगता नजर आ रहा है पिछले सप्ताह भर जिस तरह जीएसटी कर बिभाग ने सभी प्रमुख बाजारों और नगर क्षेत्र की बड़ी बड़ी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी किया करोड़ो की चोरी पकड़ी इसने ब्यापारी वर्ग में खौफ पैदा कर दिया। जांच टीम की भनक लगने भर से ब्यापारी शटर डाउन कर भागने लगे लोगो की ब्यापरिक दिन चर्या बदल गयी। आक्रोशित ब्यापारियों ने नगर निकाय चुनाव में सरकार से दो दो हाथ कर अपनी ताकत दिखाने की दबी जुबान आवाज उठाई तो भाजपा के नेताओ को भी खतरा महसूस होने लगा। माना जा रहा है ब्यापार संघ के नेता सुशील जायसवाल की अगुवाई में यह बात सरकार में बिभागीय अपर आयुक्त ग्रेड फर्स्ट अनंजय कुमार से जब बतचीत के जरिए बताई गई और शासन स्तर तक मंथन हुआ तो छापेमारी स्थगित करने की घोषणा की गई है। घोषणा में अपर आयुक्त के हवाले से कहा गया है कि जीएसटी के छापे में व्यापारियों में भय का माहौल नहीं होना चाहिए। जहां पर आवश्यकता थी वहां पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। व्यापारियों का विश्वास हासिल करने के लिए फिलहाल कार्रवाई स्थगित की जा रही है ब्यापारी उन्मुक्त भाव से अपना व्यापार करें, समय से अपना रिटर्न व टैक्स जमा करें,जितना ड्यू टैक्स बनता है सभी व्यापारियों से अनुरोध है अपना टैक्स जमा करते रहे। किसी भी व्यापारी को भय में रहने की आवश्यकता नहीं है।

## अटल भूजल योजना की जानकारी ग्राम लोहरवाड़ा मे ग्रामीण महिलाओं को दी

**नसीराबाद - अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा**

नसीराबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहरवाड़ा में अटल भूजल योजना की जानकारी के तहत महिला स्वंय सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं की बैठक अयोजित कर अटल भूजल योजना की जानकारी दी गई। भूजल विभाग के आई ई सी विशेषज्ञ धनराज सुमन ने उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गिरते भूजल स्तर की जानकारी दे कर सामुदायिक सहयोग से जल बचत करने का संदेश दिया।वर्षा की अनियमितता को दूर करने हेतु



पेड़ पौधे लगाने तथा वर्षा जल संरक्षण कर घरेलू कार्य मे उपयोग करने की सलाह दी गई।उपस्थिति महिलाओं को भूजल विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में किये जाने वाले जन जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गई एव जल बचाने की सपथ दिलाई गई।महिलाओं को ग्राम में स्थापित वर्षा मापी यंत्र की जानकारी दी गई एव वाटर टेस्टिंग किट से जल की गुणवत्ता की जांच करने के बारे में बताया गया। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद से ब्लॉक परियोजना प्रबंधक विजय कुमावत एव सक्रिय महिला पिंकी उपस्थित रहे।

## रामगढ़ विधानसभा में भाजपा की जन आक्रोश यात्रा की जगह जगह हुई चौपाल सभाएं आयोजित

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**

रामगढ़। भाजपा की जन आक्रोश यात्रा में गाँव लालमवाड़ी ,अलवाड़ा, मिलकरपुर, सैंथली, खानपुर, डोली रामगढ़ आदि में चौपालों आयोजित कर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सम्बंधोति की पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत पाटा, जिलाउपाध्यक्ष राजेन्द्र कसाणा, जिला महामंत्री रामावतार चौधरी, पूर्व प्रत्याशी सुखवंत सिंह, युवा नेता जय आहूजा , देवेन्द्र दत्ता, गोपाल प्रधान, निर्मल शूरा आदि ने संबोधित किया। कसाणा ने कहां गहलोत सरकार ने चार साल में सिर्फ सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति की है। तुष्टीकरण के नाम पर हिन्दुओं के त्याहारों पर धारा 144 लागू की गई। और अल्पसंख्यक लोगो को



विशेष राहत देने का काम किया।प्रतियोगता परीक्षाओं में हिन्दू बहन बेटियों के साथ दोहरे मापदंड अपनाया। हिन्दू बेटियों के तन पर चुन्नी, अंगुठिया तक नही छोड़ी। दूसरी अल्पसंख्यक बहु बेटियों को बुर्का तक पहनकर परीक्षा दी।जय आहूजा ने कहां रामगढ़ की वर्तमान विधायका क्षेत्र में विकास में भेद भाव कर मुसलमानों के गांवों में अधिक विकास हो रहा है।रामावतार चौधरी ने कहाँ इस विधानसभा सबसे अधिक अपराध बढ़ रहा है।इस मौके पर सुदेश खम्बेरा, विस्तारक दीपाराम , राजकुमार तीर्थानि, गगनदीप जिलापार्षद, महावीर जैन, नन्दराम गुर्जर मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा देवाराम, राजेश राठी, हरिसिंह सोलंकी, छोटेलाल चौधरी, सचिन पालीवाल, मनीष गर्ग, प्रवेश गुर्जर, जे पी सैंथली आदि मौजूद रहे।

## अमेठी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने प्रदीप सिंघल सलोन विधानसभा में किया गया भव्य स्वागत

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

यात्रा और चर्चा दोनों लगातार जारी हैहिन्दुस्तान को सशक्त करने की पूरी तैयारी है।आगामी 14 दिसंबर को जनपद अमेठी में आ रही प्रादेशिक ईं१३खङ्गङ्गिं३१ं के संबंध में आज जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल ने विधानसभा - सलोन में ब्लॉक अध्यक्ष और नगराध्यक्ष से मुलाकात कर यात्रा



में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने को लेकर जिम्मेदारी सौंपी, साथ ही नसीराबाद छतोह ब्लॉक में सलोन विधानसभा कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा हुआ साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता टी एन त्रिपाठी जिला सचिव राजीव द्विवेदी, साथ ही परमात्मादीन तिवारी डॉ श्याम सुंदर ,अजय द्विवेदी , नवी जी व सोशल मीडिया के जिला उपाध्यक्ष मोहित मिश्र व डीह ब्लॉक अध्यक्ष शिवदर्शन पासी और छतोह ब्लॉक अध्यक्ष विष्णुकांत मिश्र, नगर अध्यक्ष सलोन डब्बू भाई, नसीराबाद नगराध्यक्ष अरविंद मौर्या साथ ही परसदेपुर नगराध्यक्ष तौफीक जी ने जिलाध्यक्ष जी का सलोन विधानसभा में माल्यार्पण करके स्वागत किया गया साथ ही लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर किया गया

# विदेश सैर कर रही प्राथमिक शिक्षिकाओं की होगी जांच- बीएसए

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

**सोहावल में नियुक्त ममता और सनामुनीर शिक्षिकाओं के द्वारा लगातार वर्षो तक लिए गये अवकाश पर उठ रहे सवाल। एक वापस लौटी तो दूसरी अगस्त 20 से आज तक है गायब। बिभाग की चुप्पी से बड़े खेल का अंदेशा। सीएम से शिकायत।अयोध्या। खंड शिक्षा क्षेत्र सोहावल की दो प्राथमिक शिक्षिकाओं ने लगातार अपनी नियुक्ति की अनदेखी कर वर्षो तक बिदेशो मे रहकर प्रवास करने का मामला शिकायत के तौर पर मुख्यमंत्री तक पहुँच गया है।**

सोहावल में नियुक्त ममता और सनामुनीर शिक्षिकाओं के द्वारा लगातार वर्षो तक लिए गये अवकाश पर उठ रहे सवाल। एक वापस लौटी तो दूसरी अगस्त 20 से आज तक है गायब। बिभाग की चुप्पी से बड़े खेल का अंदेशा। सीएम से शिकायत।अयोध्या। खंड शिक्षा क्षेत्र सोहावल की दो प्राथमिक शिक्षिकाओं ने लगातार अपनी नियुक्ति की अनदेखी कर वर्षो तक बिदेशो मे रहकर प्रवास करने का मामला शिकायत के तौर पर मुख्यमंत्री तक पहुँच गया है। आरोप है बिभाग की मिली भगत से एक शिक्षिका ने वर्ष भर में छः माह के दो चक्रो में पाकिस्तान में प्रवास किया तो दूसरी ने नियुक्ति के 15 दिन बाद ही अवकाश लेना शुरू किया तो लगभग चार साल से जर्मनी में ही जमी हुई है।क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रग्घू पुर दोस्त की शिक्षिका ममता ने बिद्यालय में 10 मई 16 को ज्वाइन किया कुछ दिन बाद ही 19 दिन का अवकाश लिया वापसी के बाद ही 4 जुलाई 16 से फिर अवकाश लिया तो पूरे 211 दिन छुट्टी पर रही। 21दिसम्बर 18 से 21 फरवरी 20 तक 428 दिन बिद्यालय नही गयी। इनका अवकाश 24 अगस्त 20 से अब तक चल रहा है लोकेसन जर्मनी में बताई जा रही है

दूसरी शिक्षिका सना मुनीर की प्राथमिक विद्यालय मुबारक गंज द्वितीय में नियुक्ति है यह पिछले वर्ष दो चक्र में छः माह के अंतराल पर पाकिस्तान का प्रवास कर लगभग दो माह पहले वापस आयी है। इस दौरान इनका बेतन भी बिभाग देता रहा है। विदेश की सैर करने वाली इन शिक्षिकाओं को देश से बाहर जाने की बिभागीय अनुमति सहित कार्य पद्धति बेतन निकासी आदि को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे है। राग्घुपुर दोस्त के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अखिलेश सिंह कहते है मेरे द्वारा लगातार बिभाग को अवगत कराते हुए रिपोर्ट की जा रही है लेकिन किसी ने इसे संज्ञान में नही लिया तो पूँछे जाने पर बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया विदेश जाने के लिए बिभागीय सचिव से अनुमति लेनी पड़ती है इसकी जांच बेतन और अवकाश सभी पहलुओं की फाइल जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है मामला संज्ञान में आया है तो पूरी निष्पक्षता के साथ जांच करायी जायेगी।

# तिजारा जन आक्रोश यात्रा की नौवें दिन की शुरूआत महाराजपुरा शिव मंदिर से हुई

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में चल रही जन आक्रोश यात्रा की आज तिजारा विधानसभा में नवें दिन की शुरूआत शिव मंदिर महाराजपुरा से हुई यात्रा के विधानसभा संयोजक हर्ष यादव ने बताया कि आज की यात्रा महाराजपुरा, मैनाकी, असलीमपुरी, राजधोकी, हिंगवाहेद, माजरी गुर्जर, कालगाव, ढाकीं, बंदड़ा, शाहबाद, राइखेड़ा, मंढा, नयागांव टिहली से निकली व नयागांव टिहली में रात्रि विश्राम रहेगा। जगह जगह लोगो ने यात्रा का स्वागत किया व अपनी समस्या से अवगत कराया। आज जन आक्रोश रथ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए एक दिवसीय प्रभारी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार श्री अर्जुन राम मेघवाल तिजारा के ग्राम मंढा में शामिल होने के लिये आ रहें हैं व वहाँ ग्रामवासीयो को जंगलराज, भ्रष्टाचारी सरकार की पोल



खोलने आ रहें हैं। आज माजरी गुर्जर गाँव में युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष अभय भिडूड़ी ने युवा चौपाल का कार्यक्रम रखा जिसमें युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहाँ कि राजस्थान में जंगलराज व्याप्त हैं व सारी जनता त्रस्त हैं। इस राज को जड़ से खत्म करने का समय आ गया है। विधानसभा संयोजक हर्ष यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान की जनता जंगलराज, भ्रष्टचार, कुशासन की कांग्रेस सरकार से त्रस्त हैं। केंद्र सरकार की सभी योजनाएँ बिना किसी भेद भाव के सभी के लिये हैं। ये सरकार तुष्टिकरण की नीतियों पर चल रही हैं। यात्रा में विधानसभा रथ यात्रा संयोजक हर्ष यादव सह संयोजक विक्रम यादव,पूर्व विधायक मामन सिंह, ज़िला महामंत्री उमेद भाया, मण्डल शाहबाद अध्यक्ष विनय पाल, मण्डल शाहबाद प्रभारी राधेश्याम यादव, जयप्रकाश प्रधान, राकेश यादव, चन्द्रशेखर यादव, रामेश्वर सैनी, मण्ड़ल अध्यक्ष तिजारा बने सिंह, मण्डल अध्यक्ष गैलपुर कुलदीप, भोमसिंह, प्रवीण, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा निरंजन सैन, नरपाल, नरेंद्र युवा आदि साथ रहे।सभी वक्ताओं ने चौपाल पर लोगो की समस्या सुनी व बीजेपी सरकार आने पर उनके समाधान की बात कही।

## अकर्मण्य,असंवेदनशील और निरंकुश कांग्रेस सरकार से त्रस्त राजस्थान की जनता की आवाज बन रही है जन आक्रोश यात्रा : बनवारीलाल सिंघल







**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

छल और झूठे वादों के साथ राजस्थान की सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार बेरोजगारी दूर करने,भत्ता देने, किसानों को ऋण माफ करने,बिजली की दरें नहीं बढ़ाने के वादे किए थे लेकिन सत्ता की मद में चूर यह सरकार अपने सारे वादे भूल चुकी है।कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ तीव्र गति से आगे बढ़ती इस ₹जन आक्रोश यात्रा₹ का आज अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के श्री विवेकानंद मंडल में आगाज हुआ जहाँ के स्थानीय क्षेत्र कला कुआं के टैम्पू स्टैंड पर पहुँचकर कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई और क्षेत्रवासियों को संबोधित किया।जनाक्रोश यात्रा के काला कुआँ पहुँचने पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन अपने अपने नेताओं को सुनने पहुँचे। इस दौरान अलवर सांसद बालकनाथ विधायक संजय शर्मा जिला अध्यक्ष संजय नरुका नप सभापति घनश्याम गुर्जर राम किशन मेघवाल मनोज चौहान जितेंद्र राठौर दीपक पंडित प. जले सिंह जितेंद्र गोयल विशाल गांधी राजेंद्र कसाना सतीश यादव अंजू शर्मा सुदेश खामरा चारुल अग्रवाल गोरधन सिसोदिया रणदीप सिंह लकी राजेंद्र शर्मा संजू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अलवर केंद्रीय कारागार में लिया गया श्रेष्ठ विश्व निर्माण का संकल्प: न्याय ही धर्म की आत्मा है: श्री श्रीचंद साहू

**मरुधर विशेष ब्यूरो चीफ रूपेश शर्मा**

अलवर केंद्रीय कारागार में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के तत्वाधान में श्रेष्ठ विश्व निर्माण हेतु अपराध मुक्ति वैचारिक क्रांति अभियान का चार दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई आज के कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि श्रेष्ठ विश्व का निर्माण मानव अधिकारों की रक्षा और अपराध मुक्त विश्व निर्माण बिना संभव नहीं है भगवत गीता के कर्म विज्ञान और न्याय सिद्धांत की शिक्षा द्वारा ही हम श्रेष्ठ विश्व निर्माण में सफल हो सकते हैं! ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने कहा कि भगवद्गीता अपराध मुक्त समाज निर्माण की अद्वितीय प्रयोगशाला है और बंदियों के जीवन में इसका सकारात्मक परिवर्तन का साक्षात्कार हमने किया है! न्याय के बिना कोई भी धर्म नहीं हो सकता अत न्याय ही धर्म की आत्मा है! जेलर सुषमा सेन ने कहा कि भगवत गीता किसी धर्म की पुस्तक ना होकर एक जीवन जीने की कला है तथा जेल जीवन में यह अवसाद चिंता और असुरक्षा से मुक्ति का आत्म बल प्रदान करती है! इस मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय कवि विनीत चौहान ने कहा की भगवत गीता भारत की ही नहीं अपितु




विश्व की समस्याओं के समाधान की कुंजी है और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेताओं ने भगवत गीता से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा को अपना स्वधर्म स्वीकार किया है! संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव श्री श्रीचंद्र साहू ने 1999 से तिहाड़ जेल में अपराध मुक्ति अभियान की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि भगवत गीता द्वारा मुक्ति का महायोग प्राप्त कर सकते हो! विजय हॉस्पिटल के डॉ विजय पाल यादव ने बंदियों को बताया कि ना आपका कोई शत्रु है ना कोई मित्र है और यह तो परिस्थिति वश आप यहां आ गए हैं और यहां से जाने के बाद अपने शत्रुओं से द्वेष की भावना मत रखना! इस मौके पर एडवोकेट सुरेंद्र यादव ने बताया कि भगवत गीता विधि व्यवस्था और मानव अधिकार रक्षा का घोषणापत्र है! इस मौके पर जेलर सुमेर सिंह ने कहा कि बंदियों के द्वारा अच्छा आचरण ही जेल से मुक्ति का आधार बनेगा और जेल में भी और सुख व शांति का जीवन यापन कर सकते हैं, दिल्ली से आए समाजसेवी और आध्यात्मिक चिंतक अंकुर जैन ने कहा कि सात्विक भोजन और सेवा भावना से ही हम अपने जीवन को सफल सार्थक बना सकते हैं, सेवा ही धर्म है यही जीवन की सफलता का राज है! इस मौके पर आप साथ दो सेवा समिति से दिनेश किराड़, मिलाप सैनी, इस्कॉन के मुरलीमोहनदास भी उपस्थित रहे! इस मौके पर बंदियों को भगवत गीता भेंट की गई और उनको यह बताया गया कि अपने-अपने बैरकों में गीता का अध्ययन करें और अपराध के कारण और परिणाम पर विचार करें जिला कारागार कृष्ण के संकीर्तन श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा.....से गूंजता रहा!

## मजदूर परिवारों की महिलाओं ने दिया धरने को समर्थन

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां- कामां को जिला बनाने की मांग को लेकर लाल दरवाजे पर चल रहा अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना मंगलवार को 29वें दिन भी जारी रहोकस्बे



में मजदूरी करने वाली गरीब परिवारों की दर्जनों महिलाओं ने गीता देवी के नेतृत्व में धरने पर पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया।कस्बे में मजदूरी करने वाली गीता देवी ने कहा कि क्षेत्र में गरीब लोगों के लिए रोजगार के संसाधन नहीं है इस कारण से गरीब परिवारों की महिला एवं पुरुषों को अपने बच्चों का लालन-पालन करने के लिए अपना घर परिवार छोड़कर मजदूरी के लिए कामां से बाहर जाना पड़ता है यदि कामां जिला बन गया तो यहां पर रोजगार के अवसर पैदा हो जाएंगे जिससे गरीब परिवारों को अपने बच्चों का पेट पालने के लिए घर परिवार छोड़कर कामां से बाहर नहीं जाना पड़ेगा इसलिए कामां का जिला बनना अति आवश्यक है जिससे क्षेत्र में रह रहे गरीब परिवारों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो सके धरने में सुशीला देवी, सुनीता प्रजापत, सुक्को हरिजन, नीलम देई, सरोज,फूलबती सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

## भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। उपखंड के रैन बसेरा में आयोजित ₹भारत जोड़ो यात्रा₹ को लेकर बैठक का आयोजन पीसीसी सचिव ललित यादव के नेतृत्व में हुआ ललित यादव ने बताया कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा



को सफल बनाने के लिए एवं ए ई सी सी महासचिव भवर जितेंद्र सिंह के दिशा निदेशों पर आज यहां बैठक का आयोजन किया गया आने वाली 19 दिसंबर को मालाखेड़ा अलवर में होने जा रही सभा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी एवं मुंडावर के जनमानस से अधिक से अधिक जनसंख्या में ₹भारत जोड़ो यात्रा₹ में पहुंचकर सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर पीसीसी सचिव ललित यादव, जिला पार्षद भीमराज यादव, पूर्व सरपंच महेंद्र चौधरी, पूर्व सरपंच राधेश्याम यादव, लीलाराम पूर्व सरपंच ,रमेश यादव प्रधानाचार्य, रामसिंह कमांडो,सुरेश बल्लुवास, अजीत सरदार पूर्व सरपंच, महेश पटेल, तेजराम मौखरी, सिंगाराम प्रधान,सुरत सिंह यादव, दयाराम पंच, घासीराम यादव, कैप्टीन मोतीलाल, डॉ जमील खान, अंगद रसगण, रामभरोस पंच, हंसराज वकील, प्रवीण वकील, अमरसिंह बाबुजी, कृष्ण समाजसेवी,राजू सेठ, हेमन्त यादव गॉधीनगर,माडाराम बेहरोज, सतीश गुरूजी,भुरीयाराम मास्टर,टोनी चौहान,सुनिल चौधरी, जैस्सी ततारपुर,भरत सिंह, जीतूं यादव, देवेन्द्र यादव,कर्ण यादव, जितेंद्र गुरुजी, राजेन्द्र नेता जी, प्रकाश गुर्जर,राजू भाटी, राजेश छावडी, राकेश गुर्जर,मेजर सुल्तान सिंह,ओमानन्द चांदपुर, विनोद शर्मा, होशियार यादव,अयूब खान,श्योनारायण गुर्जर, धर्मवीर धोकलनगर, सुरेश डेलीगेट, रफीक खान,मोनू जाट सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।।

## नहर पदयात्रा मुंडावर की दिशा और दशा तय करने वाली साबित होगी...... रोहिताश चौधरी

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में पूर्व प्रधान रोहिताश चौधरी के नेतृत्व में नहर लाने के लिए चल रही पदयात्रा सोमवार को गांव चकोलिया, रंडा का बास, बिरटोली, बड़ी और सोरखा खुर्द पहुंची। गावों में रमेश चौधरी, प्रताप, राजेंद्र, अयूब खान, भगवानदास भील सहित सैकड़ों



किसानों ने गांव की सीमा से आगवानी कर चौपाल पर लाकर पारम्परिक रूप से साफा मालाओं से स्वागत करते हुए रोहिताश चौधरी को जलनायक बताया।रोहिताश चौधरी,अखिलेश कौशिक, रामावतार चौधरी, बाबूलाल हुड् ने मुंडावर में गिरते भू जल से किसानों की बंजर होती जमीन और किसानों का खेती किसानी से पलायन से सुनसान होते गांव की समस्या पर चिंता जताते हुए मुंडावर में नहर की महती आवश्यकता बताया। और पद यात्रा को मिल रहे भारी जन समर्थन के लिए क्षेत्र की जनता का आभार जताया और कहा की आप लोगो का इस तरह से समर्थन मिलता रहा तो मुंडावर में नहर ला कर रहेंगे और नहर आने तक लड़ाई जारी रहेगी। मुंडावर कांग्रेस प्रभारी रामस्नेही शर्मा, कविता यादव ने भी पदयात्रा को संबल देते हुए ग्रामवासीयो को संबंधित किया ।इस मौके पर गोकल लंबरदार,बाबूलाल,राजू खटीक, चेतराम, योगेश पासवान ,मोहित जिंदल, दिनेश शर्मा, अंकित ,रमेश सैन, ताहिर खान, बाबूलाल यादव, कमल, यादराम पंच, मोना शर्मा,राहुल , तेजपाल जिंदल आदि मौजूद रहे।

## सर्व समाज के सहयोग से पिडिता को सोशल मीडिया से मिली 1,20,000 रु की आर्थिक मदद

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। उपखण्ड क्षेत्र के गाँव रिग्सपुरा में बलराम मीणा जिसका 13 नवम्बर को अचानक शरीर में दर्द उठा दर्द बहुत ही भयानक था नजदीकी हॉस्पिटल लेकर भागे लेकिन डॉक्टर ने बलराम को जयपुर रेफर कर दिया



और जयपुर पहुंचने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। लक्ष्मीकांत सैनी ने बताया कि मृतक बलराम के परिवार में पत्नी दो बच्चों को छोड़कर के चला गया।जिसकी वजह से पूरे परिवार में मातम छा गया और बच्चे बेसहारा हो गए परिवार मे आर्थिक संकट खड़ा हो गया खेलकूद की उम्र में ही बच्चे बेसहारा हो गये। बच्चों की इस विकट परिस्थिति में सर्व समाज के माध्यम से युवाओं ने मिलकर सोशल मीडिया पर एक मिशन चलाया। जिसमें करीब 120,000 रुपये का सहयोग पीड़ित परिवार को मिला। जिसमें से दोनों बच्चों के नाम 50-50 हजार रुपए की सर्व समाज हेल्प टीम कठूमर के सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं द्वारा दोनों बच्चों के नाम एफडी कराने का निर्णय लिया। और शेष बची हुई 20,000 रु राशि पीड़ित परिवार को नगद सौंप दी गई।सर्व समाज हेल्प टीम के सभी सहयोग कताओं व भामाशाह का आभार व्यक्त किया है। मिशन समापन पर महेंद्र सिंह मसारी, लक्ष्मीकांत सैनी रामपुरा पाटन,उदय सिंह मसारी,मोती लाल मीणा, तोपसिंह मीणा, काडूराम मीणा दिल्ली पुलिस जीतू मीणा, हेमराज मीणा, कैलाश चंद मीणा डायरेक्टर सरस डेयरी अलवर , रामअवतार मीणा भजन मीणा चतर मीणा , हेमराज मीणा , ओमप्रकाश मीणा समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## बाडला गांव में वित्तीय साक्षरता कैंप का हुआ आयोजन

**मरुधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर। भारतीय रिजर्व बैंक व क्रिसिल फाउंडेशन के तत्वधान में ग्राम पंचायत जाडला के बाडला गांव में सोमवार को वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 163 ग्रामीण लोगों ने भाग लिया वह



कठूमर फील्ड ऑफिसर प्रिया चौधरी ,पूजा बाई सरपंच खिललू राम, वार्ड पंच आंगनवाडी,साहियका सोनम राजपूत , कार्यकर्ता पुनीता बाई , हीरा सिंह राजपूत बैक बीसी आदि ग्रामीण लोग कैंप में मौजूद रहे । फील्ड ऑफिसर प्रिया चौधरी ने फूल माला पहनाकर सभी अधिकारियों का स्वागत किया। फील्ड ऑफिसर प्रिया चौधरी ने लोगों को डिजिटल बैंकिंग व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना व बैंकिंग योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इधर प्रिया चौधरी ने बताया कि अलवर जिले के 6 ब्लॉक में भारतीय रिजर्व बैंक वह क्रिसिल फाउंडेशन के द्वारा सीएफएल प्रोग्राम चलाया जा रहा है। प्रोग्राम फील्ड ऑफिसर प्रिया चौधरी को सरपंच ने प्रशंसा पत्र दिया।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक, सम्पादक आर.बी.नरूका के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। सह-सम्पादक-महावीर सिंह चौहान। मो.99281-68697, 7014373732